# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक 1837 /07/प्रशा0/MSU/2023–24 दिनांक : 23.01.2024

अनुस्मारक–प्रथम

सेवा में,

1. प्राचार्य/प्राचार्या
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

2. समन्वयक शैक्षणिक
   विश्वविद्यालय परिसर

विषयः साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ/माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर–2024" में विश्वविद्यालय/संस्थान के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों व युवाओं की प्रतिभागिता कराये जाने हेतु।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विवषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या– 1758/07/प्रशा0/MSU/2023–24, दिनांक : 04.01.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ/माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर–2024" में महाविद्यालय के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों/युवाओं की नैतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सहज आत्मिक व्यक्तित्व के विकास की अनुभूति हेतु आयोजित एक दिसवीय स्वानुभूति शिविर में पंजीयन कराकर शिविर में भेजने हेतु निर्देशित किया गया था। **किन्तु खेद का विषय है कि महाविद्यालयों द्वारा अध्ययनरत विद्यार्थियों/युवाओं का उक्त आयोजित एक दिसवीय स्वानुभूति शिविर में पंजीयन नहीं कराया जा रहा है। जिसपर कुलपति महोदय द्वारा अप्रसन्ता व्यक्त की गई है।**

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित व्यवस्थानुसार महाविद्यालय के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों/युवाओं को "स्वानुभूति शिविर–2024" में पंजीयन कराकर शिविर में भेजे जाने के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
02. प्रबंध न्यासी प्रमुख, साधनाश्री कुटुम्ब न्यास, केन्द्रीय कार्यालय आद्यशंकराचार्य कुंज, गोमती तट, निकट डालीजी पुल, हसनगंज, लखनऊ।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 1758/07/प्रशा0/MSU/2023–24 दिनांकः 04-01-2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषयः साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ/माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर–2024" में विश्वविद्यालय/संस्थान के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों व युवाओं की प्रतिभागिया कराये जाने हेतु।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–ई–8871/32–जी0एस0/2023, दिनांक : 27 दिसम्बर, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ/माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर–2024" में महाविद्यालय के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों/युवाओं की नैतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सहज आत्मिक व्यक्तित्व के विकास की अनुभूति हेतु आयोजित एक दिसवीय स्वानुभूति शिविर में पंजीयन कराकर शिविर में भेजने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित व्यवस्थानुसार महाविद्यालय के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों/युवाओं "स्वानुभूति शिविर–2024" में पंजीयन कराकर शिविर में भेजने सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
02. प्रबंध न्यासी प्रमुख, साधनाश्री कुटुम्ब न्यास, केन्द्रीय कार्यालय आद्यशंकराचार्य कुंज, गोमती तट, निकट डालींजी पुल, हसनगंज, लखनऊ।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ–226027

संख्याःई–8871 / 32–जी0एस0 / 2023

दिनाँकः 27 दिसम्बर, 2023

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ / माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर–2024" में विश्वविद्यालय / संस्थान के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों व युवाओं की प्रतिभागिता कराये जाने हेतु।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रबंध न्यासी प्रमुख, साधनाश्री कुटुम्ब न्यास, केन्द्रीय कार्यालयः आद्यशंकराचार्य कुंज, गोमती तट, निकट डालीगंज पुल, हसनगंज, लखनऊ उ0प्र0 द्वारा इस सचिवालय को प्रेषित संलग्न पत्र दिनाँक 19 दिसम्बर, 2023 एवं उसके साथ संलग्न स्वानुभूति शिविर–2024 कार्यक्रम का अवलोकन करने का कष्ट करें।

उक्त परिप्रेक्ष्य में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि साधनाश्री कुटुम्ब न्यास द्वारा वर्ष 2024 में तीर्थराज प्रयाग में कुंभ / माघ मेला में आयोजित "स्वानुभूति शिविर–2024" में विश्वविद्यालय के अधीन अध्ययनरत विद्यार्थियों / युवाओं की नैतिक,सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं सहज आत्मिक व्यक्तित्व के विकास की अनुभूति हेतु आयोजित एक दिवसीय स्वानुभूति शिविर में तदनुसार उपस्थिति के सम्बन्ध में किये गये अनुरोध के आलोक में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

संस्कृति

# साधनाश्री कुटुम्ब न्यास

पंजी.सं.-405/023 पैन नं.-ABHTS6062G फो.+91 7565001175 info.skny....@gmail.com www.skabharat.org
केन्द्रीय कार्यालय- आश्रम ... निकट ... उत्तर प्रदेश-226007

दिनांक 19-12-2023

पत्रांक DEC/19/2023/01

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
संख्या-8871/जी०एस०
दिनांक 21/12/23

सेवा में,

(आई.ए.एस.)श्री सुधीर महादेव बोबडे
अपर मुख्य सचिव
राज्यपाल,उत्तर प्रदेश

संख्या-एस०सी०एल०-कैम्प/431/2023
दिनांक 26/12/2023

विषयः उच्च शिक्षा के युवाओं/विद्यार्थियों के नैतिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रवादी व्यक्तित्व विकास हेतु तीर्थराज प्रयाग संगम क्षेत्र में ''स्वानुभूति शिविर–2024'' के सम्बन्ध में ।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि साधनाश्री कुटुम्ब न्यास एक आध्यात्म प्रेरित स्वैच्छिक सेवा संस्थान/संगठन है। न्यास विभिन्न सेवा/समाजोत्थान के कार्यों को अनवरत करता आ रहा है। आगामी वर्ष 2024 में होने वाले तीर्थराज प्रयाग संगम क्षेत्र में वार्षिक कुंभ/माघ मेला में पूर्व की भाँति न्यास''स्वानुभूति शिविर–2024'' आयोजित कर रहा है। जिसमें देश/प्रदेश भर के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थियों व सामान्य जनमानस को आमंत्रित करना चाहता है। ताकि न्यास द्वारा उनके नैतिक, सांस्कृतिक,ऐतिहासिक,आध्यात्मिक एवं सहज आत्मिक व्यक्तित्व का विकास/अनुभूति करा सके। न्यास शिविर में आने वाले सभी आगंतुकों को 1 दिन व 1 रात्रि का सहयात्री बनायेगा जो कि पंजीयन व्यवस्था के अनुरूप होगा । न्यास प्रयाग संगम क्षेत्र में पंजीकृत आगंतुकों को आवास व भोजन पूर्णतः निःशुल्क प्रदान करेगा।

अतः महोदय आपसे सादर आग्रह है कि इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देते हुए सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को अपने स्तर पर निर्देशित करने की कृपा करें कि सभी संस्थान अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन कराकर या कम से कम 100 विद्यार्थियों का पंजीयन कराकर शिविर में भेजने की कृपा करें। पंजीयन की प्रक्रिया विवरण लिंक/फार्म में उल्लिखित व पत्र में संलग्न है।

संलग्न-
1. ''स्वानुभूति शिविर- 2024''कार्यक्रम विवरण पत्र
2. पंजीयन लिंक - https://services.sabpaisa.in/pages/svanubhutishivirprayagkumbh.html

शिवम मिश्र
(प्रबन्धन्यासी/प्रमुख)
सम्पर्क सूत्र-7565079695

!! सादर आमंत्रण !!

# स्वानुभूति शिविर-2024

## चलो रे मन तीर्थराज प्रयाग कुम्भ/माघ मेला क्षेत्र संगम

## 15 जनवरी से 15 फरवरी तक 2024

साधनाश्री कुटुम्ब एक आध्यात्म प्रेरित स्वैच्छिक सेवा संस्थान/संगठन है, जो तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम क्षेत्र में कुंभ/माघ मेला में भारतवर्ष के सभी युवाओं, विद्यार्थियों एवं सामान्य जनमानस के सांस्कृतिक, नैतिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रवादी सहज व्यक्तित्व विकास हेतु विगत वर्ष की ही भांति "स्वानुभूति शिविर-2024" का आयोजन कर रहा है। इस पावन कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। शिविर में सम्मिलित होने के लिए निम्नलिखित विवरण उपलब्ध है...

### ॥ सत्र विवरण ॥

[illegible]

### ॥ सूचनाएं ॥

- शिविर में प्रवेश हेतु पंजीयन अनिवार्य है।
- पंजीयन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2024 है।
- प्रत्येक शिविर की अवधि [illegible] शिविर संचालक के [illegible] होगी एवं शिविर करने के पश्चात [illegible] दूसरे शिविर में प्रवेश पाने हेतु शिविर संचालक से अनुमति अवश्य लेवें।
- शिविर में भोजन व आवास पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।
- शिविर में कोई कीमती वस्तु लाने पर उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
- पंजीयन सहयोग राशि युवाओं व विद्यार्थियों हेतु 200/- रू. एवं अन्य सामान्य जनमानस हेतु 2100/- रू.
- पूर्ण पंजीयन के उपरान्त व्हाट्सएप नम्बर +91-7565979695 पर पंजीयन पर्ची का स्क्रीन शॉट अवश्य भेजें।
- पंजीयन हेतु लिंक [illegible]

### विशेष

केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा शिविर में आए आगंतुकों कि प्रतिभा के प्रोत्साहन व सम्मान हेतु प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किए जायेंगे।

कार्यक्रम स्थल

तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम
(आगामी कुम्भ/माघ मेला 2024) क्षेत्र में

पंजीयन हेतु QR
Scan QR

SCAN ME

शिविर हेतु केन्द्र कार्यालय: 7 बी/026, जागृति भवन, नियर सिविल हॉस्पिटल, हजरतगंज, लखनऊ

+91-7565979695

SK4Bharat/Sadhanashri Kutumb   www.sk4bharat.org   sk4bharat@gmail.com

# आमंत्रण

## माघ मेला स्वानुभूति शिविर-2024

LOKनीति

### चलो रे मन तीर्थराज प्रयाग कुम्भ/माघ मेला संगम क्षेत्र

# 15 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक

साधनाश्री कुटुम्ब एक आध्यात्मिक प्रेरित सामाजिक सेवा संस्थान/संगठन है। जो विगत कई वर्षों से तीर्थराज प्रयाग कुम्भ/माघ मेला संगम क्षेत्र में सभी उच्च शिक्षा में अध्ययनरत या देश व प्रदेश के युवाओं व सामान्य जनमानस हेतु "स्वानुभूति शिविर" आयोजित करता है। जिसमें कुटुम्ब उनको नैतिकता, संस्कार, ध्यान, योग, व्यक्तित्व निर्माण, पर्यावरण जागरूकता, संस्कृति-सभ्यता, प्रयाग की प्राचीन पौराणिकता का नवीन अनुभूति, प्रभावशाली व्यक्तित्व निर्माण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संगम क्षेत्र में कैंप/शिविर लगाकर कार्यशाला दी जाती है। कुटुम्ब इस वर्ष भी विगत वर्ष की ही भांति प्रयाग कुम्भ/माघ मेला संगम क्षेत्र में "स्वानुभूति शिविर-2024" आयोजित कर रहा है। कुटुम्ब आप सभी को सादर आमंत्रित कर रहा है। शिविर में भाग लेने हेतु ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है। अतः आप सभी से सादर अनुरोध है कि इस पुनीत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कर शामिल होवें सादर....

### ॥ सत्र विवरण ॥

- प्रातः ब्रह्म मुहूर्त जागरण
- योग सत्र
- ध्यान एवं आत्म संवाद सत्र
- पवित्र संगम स्नान सत्र
- साधना एवं उपासना सत्र
- तीर्थराज प्रयाग देव दर्शन व मेला क्षेत्र भ्रमण सत्र
- आध्यात्मिक ज्ञान सत्संग सत्र
- चर्चा परिचर्चा/जिज्ञासा समाधान सत्र
- हास्य विनोद/आनन्दशाला सत्र
- संस्कार एवं मौलिक कर्तव्य बोध सत्र

### ॥ सूचनाएं ॥

- शिविर में प्रवेश हेतु पंजीयन अनिवार्य है।
- प्रत्येक पंजीयन पर शिविर की अवधि 1 दिन व 1 रात्रि की होगी।
- एक शिविर करने के पश्चात रुचि अनुसार दूसरे शिविर में प्रवेश पाने हेतु शिविर संचालक से अनुमति अवश्य लेवें।
- शिविर में पंजीयन के उपरान्त भोजन व आवास पूर्णतः निःशुल्क होगा।
- शिविर में कोई कीमती वस्तु लाने पर उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
- पंजीयन सहयोग राशि युवाओं व विद्यार्थियों हेतु -1100/-रु. एवं अन्य सामान्य जनमानस हेतु-2100/-रु.
- पूर्ण पंजीयन के उपरान्त व्हाटसप नम्बर 7565979695 पर पंजीयन फार्म का स्क्रीनशार्ट अवश्य भेजें।
- पंजीयन क्रमांक के अनुसार पंजीकृत व्हाटसप मोबाइल नम्बर पर शिविर में आने हेतु दिनांक व समय भेजा जायेगा तभी शिविर में आना है।
- पंजीयन हेतु लिंक | https://services.sabpaisa.in/pages/svanubhutishivirprayagkumbh.html

### ॥ विशेष ॥

LOKनीति

## धर्म-संस्कृति की राष्ट्रनीति

ऋषि व कृषि परम्परा पर भारत वर्ष के विभिन्न क्षेत्रों के महान विभूतियों के साथ संवाद....

केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा शिविर में आए आगंतुकों व धर्म-संस्कृति की राष्ट्रनीति संवाद कार्यक्रम में प्रतिभागी को प्रोत्साहन व सम्मान हेतु प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किए जायेंगे।

### कार्यक्रम स्थल

"आगामी कुम्भ/माघ मेला-2024"
तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम क्षेत्र में...

### पंजीयन हेतु QR

SCAN ME

+91-7565979695

SK4Bharat/Sadhanashri Kutumb | sk4bharat@gmail.com | www.sk4bharat.org